**Regarding alleged gross irregularities and corruption in the selection of Aganwadi workers in some districts of Dhaurahra Parliamentary Constiteuncy**

श्री आनंद भदौरिया **(**धौरहरा**) :** महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र धौरहरा के जनपद सीतापुर, लखीमपुर में आंगनवाड़ी वर्कर्स के चयन में घोर अनियमितता तथा घनघोर भ्रष्टाचार किया गया है । मैरिट की अनदेखी की गई है । हमारी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि उपरोक्त चयन को निरस्त करके पुन: पारदर्शी निष्पक्ष चयन किया जाए । जो आगनवाड़ी वर्कर्स हैं, उनका मानदेय बढ़ाकर उनको सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए । आपने बोलने का समय दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।